# दैनिक नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त





RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंकः 02 | देहरादून, मंगलवार 01 जुलाई, 2025 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### गंगोत्री राजमार्ग पर आया मलबा, मार्ग अवरूद्ध



**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नलूणा, नेताला, रतूडी सेरा आदि में मलवा, पत्थर व दलदल होने के कारण मार्ग अवरूद्ध हो गया। आज यहां गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान नलूणा, नेताला, रतूडी सेरा आदि पर मलबा, पत्थर, दलदल होने के कारण के अवरुद्ध है। मार्ग को सुचारु करने का कार्य गतिमान है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलाई बैंड और ओजरी के बीच दो जगह हाइवे का कुछ हिस्सा वाश आउट होने के कराण अवरुद्ध है।

### सीएचसी के उप केंद्र नैचोली से सेवानिवृत्त एएनएम नंदा कैंतुरा को विदाई दी



**चम्बा।** सीएचसी के उप केंद्र नैचोली से सेवानिवृत्त एएनएम नंदा कैंतुरा को एक होटल में विदाई दी गई। इस दौरान उनके कार्यों को सराहनीय बताया गया। सोमवार को नगर के एक होटल में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त एएनएम नंदा कैंतुरा को विदाई दी गई। नंदा कैंतुरा के कार्यकाल को सराहनीय बताया गया. इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री लाखी राम जोशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. पुखराज सिंह, ज्योति बाला, इंदिरा कोठारी, मंगला देवी आदि ने अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर विदाई दी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया तथा इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए हिमालयी राज्यों के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग अन्तरिक्ष सम्मेलन 2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश भर से आए वैज्ञानिकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौघोगिकी अनुसंधान तक सीमित न रहकर संचार, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला द्वारा तिरंगा फहराने पर इसरो समेत



डैशबोर्ड के शुभारंभ अवसर पर सीएम व अन्य।

समस्त वैज्ञानिकों को बधाई दी और इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु शुक्ला का मिशन गगनयान व भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री ने चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया तथा इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है और प्रदेश में साइंस सिटी, साइंस एवं इनोवेशन सेंटर, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यत्तफ किया कि यह सम्मेलन उत्तराखंड को "स्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेट" बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रदेश के सतत विकास में सहयोगी सिद्ध होगा। इसरो चेयरमैन ने कहा कि एक समय था जब हमारे रॉकेट साइकिल से ले जाए करते थे, पर आज भारत ने कई विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## डाट काली में 222वां वार्षिकोत्सव भैरव पूजा के साथ हुआ प्रारंभ

**देहरादून।** मां डाट काली मनोकामना सिद्ध पीठ का 222वां वार्षिकोत्सव भैरव पूजा के साथ प्रारंभ हुआ। सोमवार को सुबह छह बजे आचार्यों द्वारा शिव पूजा की गई। 1 जुलाई को सायं मंदिर परिसर में सुंदर कांड का पाठ प्रसिद्ध गायक हरिपाल आहूजा द्वारा किया जाएगा। 2 जुलाई को झंडा परिक्रमा सुभाषनगर से प्रारंभ होगी। 3 जुलाई को माता रानी का भव्य जागरण रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगा। 4 जुलाई को मां का विशाल भंडारा पूर्वाहन 11 बजे से प्रारंभ



होगा। माता रानी के भजनों का गुणगान हेमंत बृजवासी, पप्पू अरोड़ा, मन्नु सिकन्दर, मनोज सरगम एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। इस वार्षिकोत्सव में देश–विदेश से मां के भक्त मंदिर आते हैं। इस बार फूलों की सजावट एवं बिजली की सजावट मुख्य आकर्षण है। यातायातकी समस्या को देखते हुए शोभायात्रा सुभाषनगर से मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी ताकि आम जन मानस को असुविधा से बचाया जा सके।

# मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ-श्रीमद् भागवत कथा को वर्चुअली सम्बोधित किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास से भीमगोड़ा, हरिद्वार में जगदीश स्वरूप विद्यानन्द आश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ–श्रीमद् भागवत कथा को वर्चुअली सम्बोधित किया।

भागवत कथा में उपस्थित परमपूज्य जगद्गुरु आचार्य श्री गरीबदास जी महाराज, श्री ब्रह्मसागर जी महाराज भूरी वाले, परम पूज्य स्वामी अमृतानन्द जी महाराज, युवा संत स्वामी पूज्य राम जी महाराज एवं कथा व्यास पूज्य इन्द्रेश उपाध्याय जी और सभी संतगणों, श्रद्धालुओं का स्वागत एवं




श्रीमद् भागवत कथा को वर्चुअली सम्बोधित करते सीएम धामी।

अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संतों का समागम और हरि कथा, दोनों ही दुर्लभ हैं और ये दोनों सौभाग्य से ही प्राप्त होते हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण कोई सामान्य ग्रंथ नहीं, अपितु स्वयं श्रीकृष्ण की दिव्य वाणी का साकार रूप है। इसमें भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और धर्म इन चारों पुरुषार्थों का उत्कृष्ट वर्णन मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में जब मनुष्य भौतिकता की दौड़ में मानसिक और आत्मिक रूप से अशांत है, तो ऐसे समय में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण हमें आंतरिक शांति, समाधान और आत्म–साक्षात्कार का मार्ग दिखाता है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में लहरा रही है। आज चाहे अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, बद्रीनाथ और केदारनाथ धामों का पुनर्निर्माण हो, बाबा विश्वनाथ के गलियारे का विस्तार हो या महाकाल लोक का निर्माण हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारी सरकार भी देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। हम जहां एक ओर केदारखंड और मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के लिए अनेकों कार्य कर रहे हैं। वहीं हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल के पुनरुद्धार की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर के साथ–साथ शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। हमने भारतीय संस्कृति, दर्शन और इतिहास के गहन अध्ययन के लिए दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना भी की है।

# संपादकीय

## मोदी की सबसे लंबी कूटनीतिक यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा पर जाएंगे, जिसमें सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद से निपटने और वैश्विक दक्षिण के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया में रुकना शामिल है, जिसका समापन 6 और 7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की वैश्विक कूटनीतिक पहुंच तेज हो गई है, जिसमें 26 नागरिकों की जान चली गई थी। जवाब में, भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया। आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, भारत से नेताओं के संयुक्त घोषणापत्र में हमले की कड़ी और एकीकृत निंदा करने की उम्मीद है। यह पिछले दस वर्षों में मोदी की सबसे लंबी कूटनीतिक यात्रा होगी। प्रधानमंत्री का आठ दिवसीय दौरा, जो 9 जुलाई तक चलेगा, दो महाद्वीपों को कवर करेगा और इसमें घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्राएँ शामिल हैं। विदेश मंत्रालय (डम्।) के अनुसार, ब्राजील के अलावा, मोदी यात्रा के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का यह दूसरा पाँच देशों का दौरा है। पिछली ऐसी विदेश यात्रा 2016 में हुई थी, जब उन्होंने एक ही बार में संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको, स्विट्जरलैंड, अफगानिस्तान और कतर का दौरा किया था। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि वह मणिपुर हिंसा समेत देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री की पांच देशों की विदेश यात्रा शुरू होने से पहले उन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और 'ग्लोबल साउथ' के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए दो जुलाई से पांच देशों की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस आठ दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया भी जाएंगे। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब हालात कठिन हो जाते हैं, तो स्व–घोषित कठिनाइयां भी बढ़ जाती हैं। सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर प्रधानमंत्री पांच देशों की आठ दिवसीय यात्रा पर हैं।

# महेंद्र भट्ट दोबारा निर्विरोध बनेंगे उत्तराखंड बीजेपी के अध्यक्ष, किया नामांकन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा लंबे समय से चर्चाओं के केंद्र में बने इस सवाल का जवाब जानने के लिए अब कल तक का भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि सोमवार को भाजपा मुख्यालय में चली चुनावी प्रक्रिया के तहत निर्धारित समयावधि 4 बजे तक महेंद्र भट् के अलावा किसी भी अन्य प्रत्याशी के द्वारा अपना नामांकन पत्र नहीं भरा गया। जिसके कारण यह तय हो गया है कि महेंद्र भट् एक बार फिर प्रदेश भाजपा के मुखिया होंगे। महेंद्र भट् राज्य के पहले निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष होंगे जिन्हें दूसरे कार्यकाल का मौका मिला है।



महेंद्र भट्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करते हुए।

महेंद्र भट्ट ने 30 जुलाई 2022 को उत्तराखंड के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाला था। उनको मदन कौशिक के स्थान पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। महेंद्र भट्ट 2002 से 2007 तक नंदप्रयाग विधानसभा सीट से बीजेपी के विधायक रहे। इसके बाद 2007 में उन्हें हार मिली थी. 2017 में उन्होंने बदरीनाथ विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें फिर हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद बीजेपी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। 2 अप्रैल 2024 को बीजेपी ने महेंद्र भट्ट ने उत्तराखंड राज्यसभा सांसद बनाया.बीजेपी के कद्दावर नेता हैं महेंद्र भट्टरू महेंद्र भट्ट उत्तराखंड बीजेपी के कद्दावर और मुखर नेताओं में एक हैं। वो अपने बेलाग बयानों के लिए जाने जाते हैं। इनका जन्म 1971 में सीमांत जिले चमोली के ब्राह्मण थाला में हुआ। भट्ट का राजनीतिक करियर 1991 में शुरू किया था। 1991 से 1996 तक महेंद्र भट्ट एबीवीपी यानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहसचिव रहे। 1994 से 1998 तक वो एबीवीपी में टिहरी विभाग के विभाग संगठन मंत्री के पद पर रहे। इस दौरान किए गए उनके कार्यों को देखते हुए पार्टी ने 1998 में भट्ट को बीजेपी युवा मोर्चा का सचिव बनाया। बीजेपी युवा मोर्चा सचिव पद के बाद महेंद्र भट्ट राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ते चले गए। 2000–2002 तक वो बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रहे। इसके बाद उन्हें 2002–04 तक बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष रहने का अवसर मिला। महेंद्र भट्ट की राजनीतिक पारी ने तब बड़ा उछाल मारा।

# ईरान-इजरायल अमेरिका युद्ध- खेमेबाजी का दौर शुरू- तीसरे विश्व युद्ध की ओर दुनियाँ बढ़ी



## तीसरे विश्व युद्ध की ओर कदम बढ़ाती परिस्थितियों से दुनियाँ डरी- परमाणु खतरों की आशंका बढ़ी

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ पिछले करीब 3 वर्षों से युद्ध के संकट में फंस्ती जा रही है, वैसे युद्ध तो अनेकों देशों के बीच अनेक बार हुए हैं, परंतु इस बार रूस–यूक्रेन इजराइल–हमास भारत–पाकिस्तान थाईलैंड–कंबोडिया सहित अनेकों देशों में चल रहे है, परंतु इस बार ईरान–इजरायल अमेरिका के बीच जो कुछ पिछले तीन दिनों से भयावह हो रहा है, जिसके कारण खेमेबाजी का दौर भी शुरू हो गया है,जहां एक और अमेरिका अब इजरायल के समर्थन में खुलकर आ गया है, तो रूस ने अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु क्षेत्र पर किए गए तीन विस्फोटक हमलों को अनुचित और निराधार बताते हुए आलोचना की है,तो वहीं ईरान के विदेश मंत्री द्वारा रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात से खेमेबाजी बढ़ने का दौर शुरू हो गया है, तो उधर ईरान ने स्टेट आफ होमुर्ज को बंद करने का फैसला लिया हैयाने इस समुद्री मार्ग से करीब 26 परसेंट तेल की आवाजाही होती है, जिसके परिणाम स्वरूप कीमतों में विस्फोटक वृद्धि की स्थिति आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि अभी जब 100 डालर प्रति बैरल बढ़ने के बाद भी भारत में असर नहीं देखा है व केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया है कि हमारे यहां स्टॉक पर्याप्त है जिससे असर नहीं होगा, परंतु फिर भी इस महायुद्ध के विपरीत असर आम जनता को भुगतना ही पड़ेगा,चूँकि ईरान इजरायल अमेरिका युद्ध खेमेबाजी का दौर शुरू, तीसरे विश्व युद्ध की ओर दुनिया बढ़ी, स्टेट ऑफ होमुर्ज बंद होगा, तेल संकट से दुनियाँ जूझेगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से चर्चा करेंगे, तीसरे विश्व युद्ध की ओर कदम बढ़ाती परिस्थितियों से दुनियाँ डरी, परमाणु खतरों की आशंका बढ़ी, युद्ध की भयावहता को रेखांकित कर समाधान के लिए सवांद जरूरी है।

साथियों बात अगर हम ईरान–इजरायल अमेरिका युद्ध में कच्चे तेल, की विस्फोटक कीमतें बढ़ने की संभावना की करें तो, ईरान–इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने के बाद इसके तेज होने की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में आग लगी है।कच्चा तेल अब 81 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इसके बावजूद भारत के लोगों के लिए राहत है। क्योंकि, यहां पेट्रोल–डीजल के रेट में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है, परंतु सोमवार को तेल की कीमतें जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई पहले सत्र में 3पर्सेंट से अधिक की वृद्धि हुई और वे क्रमशः +81.40 और 78.40 डॉलर पर पहुंच गए, जो पांच महीने के उच्चतम स्तर को छू गए। हालांकि, यह तेजी अधिक देर तक नहीं टिक पाई,ईरान के तीन मुख्य परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमलों ने एक बार फिर इस बात को लेकर चिंता बढ़ा दी है कि तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करेगा। भारत के कुल तेल आयात का बड़ा हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल के मोर्चे पर भारत की स्थिति अभी अच्छी बनी हुई है।विश्लेषकों ने कहा कि रूस से लेकर अमेरिका और ब्राजील तक, वैकल्पिक स्रोत किसी भी कमी को पूरा करने के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। रूसी तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से अलग रखा गया है, जो स्वेज नहर, केप ऑफ गुड होप या प्रशांत महासागर से होकर आता है। दूसरी तरफ अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लातिनी अमेरिका से भी तेल मंगाया जा सकता है, हालांकि यह थोड़ा महंगा होगा। कतर, भारत का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और वह होर्मुज जलडमरूमध्य का उपयोग नहीं करता है। ऑस्ट्रेलिया, रूस और अमेरिका में भारत के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के अन्य स्रोत पर भी कोई असर नहीं होगा। हालांकि, विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने का असर निकट अवधि में कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ेगा और कीमतें 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। साथियों बात अगर हम ईरान द्वारा अमेरिकी हवाई हमले के जवाब में स्टेट ऑफ होमर्ज बंद करने व कतर एयरवेज पर मिसाइल दाग्ने की करें तो,ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होता है तो इसका असर भारत में पेट्रोल–डीजल के दाम पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये तेल व्यापार का अहम रास्ता है।इस खबर के सामने आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गए हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इम्पोर्ट करता है। अगर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक बढ़े रहते हैं, तो तेल कंपनियों को पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक तंग समुद्री रास्ता है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये सिर्फ 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन दुनियाँ का 20–25पर्सेंट कच्चा तेल और 25 पर्सेंट नेचुरल गैस इसी रास्ते से गुजरती है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर जैसे देशों से तेल के टैंकर इसी रास्ते से दुनियाभर में जाते हैं। भारत के लिए ये रास्ता इसलिए खास है, क्योंकि हमारा 40 पर्सेंट से ज्यादा तेल इसी रास्ते आता है। अगर ये बंद हो जाए, तो तेल की सप्लाई में रुकावट आ सकती है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इम्पोर्ट करता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ईरान–इजरायल अमेरिका युद्ध–खेमेबाजी का दौर शुरू–तीसरे विश्व युद्ध की ओर दुनियाँ बढ़ी–स्टेट ऑफ होमर्ज बंद होगा–तेल संकट से दुनियाँ जूझेगी, ईरान–इजरायल,अमेरिका युद्ध से कच्चे तेल की कीमतों में विस्फोटक वृद्धि की संभावना– ईरान के स्टेट आफ होमर्ज (तंग समुद्री रास्ता) बंद करने की संभावना,तीसरे विश्व युद्ध की ओर कदम बढ़ाती परिस्थितियों से दुनियाँ डरी– परमाणु खतरों की आशंका बढ़ी – युद्ध की भयावहता को रेखांकित कर त्वरित समाधानके लिए सवांद जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

01 July 2025_Copy of Layout 1 7/1/2025 1:17 PM Page 3



# अतिवृष्टि के चलते खतरे के निशान पर बह रही अलकनंदा व मंदाकिनी, खाली कराए नदी किनारे के घर

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पर्वतीय जिला रुद्रप्रयाग में पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण हालात अस्त व्यस्त हो गए हैं। अलकनंदा नदी के उफान में आने के कारण नदी किनारे स्थित सभी आवश्यक घरों को खाली करवा दिया गया है। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा एवं मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार करते हुए बह रही हैं। बदरीनाथ और केदारनाथ हाईवे भी जगह–जगह बंद हो गए हैं और यात्री जहां–तहां फंसे हुए हैं।

पिछले 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया है। जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। बदरीनाथ हाईवे रात से ही सिरोबगड़ में बंद है। हाईवे के दोनों छोरों पर भारी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। प्रशासन यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर रुकने की अपील कर रहा है। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी



उफान पर नदी।

विकराल रूप धारण करके बह रही है। नदी किनारे के स्थित सभी आवासीय घरों को कल रात ही खाली कर दिया गया है। अलकनंदा एवं मंदाकिनी नदी ने अपने खतरे के निशान को पार कर दिया है।
अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी का प्रभाव श्रीनगर में देखा जा रहा है। श्रीनगर में भी अलकनंदा नदी का रौद्र रूप देखा जा रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से श्रीनगर में नदी किनारे बने घाटों तक पानी पहुंच गया है, जिससे स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने नदी तटों पर रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही लोगों से नदी के किनारे न जाने की अपील की है। रुद्रप्रयाग के बांगर पट्टी के दो दर्जन गांवों को जोड़ने वाला मयाली रणधार– मोटरमार्ग पर स्थित मोटरपुल बरसाती गधेरे के बहाव में बह गया है। जिस कारण हजारों की आबादी घरों में ही कैद हो गई है। ग्रामीणों के सामने तमाम प्रकार की समस्याएं पैदा हो गई हैं। रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह 10 बजे की स्थिति के अनुसार अलकनंदा नदी 625.20 मीटर और मंदाकिनी नदी 624.15 मीटर के जलस्तर पर बह रही है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि नदियों के किनारे रह रहे लोगों को समय–समय पर लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी दी जा रही है। साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय पाल कैंतुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह 8 बजे अलकनंदा नदी का जलस्तर 534.40 मीटर दर्ज किया गया, जो कि खतरे के निशान से लगभग दो मीटर नीचे है। उन्होंने कहा कि ऊपरी इलाकों में बारिश जारी है।

## अवैध खनन में लिप्त आठ स्टोन क्रशर सीज

**हरिद्वार।** लक्सर में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने वाले खनन माफियाओं के विरुद्ध जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सख्त रुख अपनाया है। शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम को छापेमारी के निर्देश दिए। देर रात लक्सर तहसील क्षेत्र में पुलिस–प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। संयुक्त टीम ने अवैध खनन एवं भंडारण में संलिप्त 8 स्टोन क्रशर सीज किए हैं। प्रशासन ने इनके ई–रवन्ना पोर्टल को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है, जिससे खनिज परिवहन की ऑनलाइन अनुमति रद्द हो गई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध खनन और भंडारण करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य को राजस्व की क्षति पहुंचाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट, रोकी गई चारधाम यात्रा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में भारी बारिश से आपदा जैसे हालात बन गए हैं। उत्तरकाशी में बादल फटने से भारी तबाही मची है और कई संपर्क मार्ग बाधित हो गए हैं। जिलाधिकारी डीएम प्रशांत कुमार आर्य ने कहा कि देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र ने भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए और गढ़वाल कमिश्नर के निर्देश पर चारधाम यात्रा अगले 24 घंटों के लिए रोक दी गई है। जनपद में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों में रुकवाने के निर्देश पुलिस और संबंधित एसडीएम को दे दिए गए हैं।
उत्तराखंड में मौसम विभाग के अलर्ट के बाद चारधाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित की गई। वहीं देहरादून मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के देहरादून , टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर के कुछ स्थानों में गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। प्रदेश के अन्य जिलों के अधिकांश स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत तथा उधम सिंह नगर जनपदों में कुछ जगहों में भारी होने की संभावना है। जिसके लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि राज्य के बागेश्वर जनपद में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

# जोशी ने पेयजल निगम के माध्यम से होने वाले कार्यों की समीक्षा की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में पर्यटन विभाग एवं पेयजल निगम के माध्यम से मसूरी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यो की समीक्षा की। जिसमें प्रमुख रुप से गढ़ी कैंट सीवर योजना में एसटीपी निर्माण के लिए अनापत्ति, मसूरी में गढ़वाल सभा भवन के लिए भूमि आवंटन जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

मंत्री ने कहा कि गढ़ी कैंट सीवर योजना मसूरी विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है और एसटीपी निर्माण के लिए अनापत्ति जारी की जाए ताकि योजना का धरातल पर कार्य प्रारम्भ हो सके। इसी प्रकार, मसूरी में गढ़वाल सभा भवन निर्माण के लिए दो करोड़ की धनराशि दिये जाने की घोषणा के क्रम



बैठक में प्रतिभाग करते हुए।

में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को भूमि तलाशने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गढ़वाल सभा के प्रतिनिधियों की मांग के अनुरुप मुख्यमंत्री धामी द्वारा घोषणा की गयी है और वित्तीय सहयोग के तौर पर एमडीडीए द्वारा भवन निर्माण करवाया जाऐगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को दोनों प्रकरणों पर तत्काल सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल, पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान, एसई मिशा सिन्हा, मसूरी नगरपालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, विष्णु प्रसाद गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# घोलतीर बस दुर्घटना मामले में एडीएम श्याम सिंह राणा ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर किया सर्च अभियान

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बद्रीनाथ हाईवे के घोलतीर क्षेत्र में गुरुवार को हुई बस दुर्घटना में लापता लोगों की खोजबीन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर आकर इस अभियान का नेतृत्व किया और पूरी प्रशासनिक टीम के साथ शनिवार को भी सर्च अभियान जारी रहा। इस ऑपरेशन में जनपद पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जल पुलिस,



रेस्क्यू अभियान चलाते हुए।

डीडीआरएफ और आईटीबीपी की टीमें सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो घोलतीर से लेकर श्रीनगर जलविद्युत परियोजना की झील

### भारी बारिश, तेज बहाव, फिर भी नहीं थमा प्रशासन का सर्च, रेस्क्यू अभियान

तक सर्च कर रही हैं। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने पहले ही छह टीमों का गठन किया था, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए टीमों की संख्या बढ़ा दी गई है, जिससे सर्च ऑपरेशन की गति को और बढ़ाया जा सके।

शनिवार को सर्च अभियान के अंतर्गत श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के चौरास डैम क्षेत्र में एक शव मिला है। उदयपुर से अपने परिजनों से मिलने एवं लापता परिवारजनों को खोजने आए अनिल सोनी ने बताया कि प्रशासन से उन्हें हरसंभव सहायता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन, एसडीएम, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ आदि सभी टीमें सपोर्ट कर रही हैं। वे और उनका परिवार लगातार जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं और प्रशासन का व्यवहार अत्यंत सहयोगपूर्ण है। उन्होंने जनपद प्रशासन सहित उत्तराखंड सरकार का आभार प्रकट किया।

01 July 2025_Copy of Layout 1 7/1/2025 1:17 PM Page 4



# बरसात में आपदा से निपटने के लिए दून प्रशासन ने कसी कमर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बरसात के सीजन में बाढ़, जल भराव, भूस्खलन एवं संभावित आपदाओं से निपटने के लिए सोमवार को देहरादून जिला प्रशासन ने चार अलग–अलग स्थानों पर एक साथ मॉक अभ्यास कर अपनी तैयारियों को परखा। यह अभ्यास त्रिवेणी घाट ऋषिकेश, केशवपुर बस्ती डोईवाला, शक्ति नहर विकासनगर और सपेरा बस्ती अधोईवाला देहरादून में किया गया।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में सुबह 9:00 बजे ऋषिकेश, डोईवाला, विकासनगर और अधोईवाल में भारी बरसात के कारण बाढ़, जलभराव और कुछ लोगों के डूबने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने तत्काल जिला एवं तहसील स्तर पर इंसीडेंट रिस्पोंस सिस्टम को सक्रिय करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को तत्परता से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम केके मिश्रा ने एनआईसी में स्थापित कंट्रोल रूम पहुंचकर आईआरएस की कमान सभाली। इस



मॉक अभ्यास करते हुए।

दौरान एडीएम कंट्रोल रूम से चारों घटना स्थलों पर रेस्क्यू कार्यो का पल–पल अपडेट लेते रहे। उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला, आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी रेस्क्यू ऑपरेशन को लाइव ऑब्जर्व कर रहे थे।

ऋषिकेश त्रिवेणी घाट में नदी का जल स्तर बढ़ने से एक व्यक्ति के बहने की सूचना प्रसारित की गई। ऋषिकेश तहसील प्रशासन की आईआरएस टीम के रेस्क्यू दल ने तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया। नदी में डूबते व्यक्ति को एनडीआरएफ व जल पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। रेस्क्यू टीम ने नदी किनारे से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाते हुए नदी के बहाव से दूर रहने की सूचना भी प्रसारित की गई। वहीं दूसरी घटना में सोंग नदी का जल स्तर बढ़ने से डोइवाला केशवरपुर बस्ती के 03 घरों में पानी भरने और क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित होने की सूचना पर डोईवाला तहसील प्रशासन की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए। बचाव दलों ने घटना स्थल से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर राहत केंद्र पहुंचा। राहत शिविर में प्रभावित लोगों की प्राथमिक उपचार के साथ भोजन, पानी एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। तीसरी घटना में विकासनगर के शक्ति नहर में 03 लोगों के बहने की सूचना पर तहसील प्रशासन की आईआरएस टीम ने सक्रियता से रेस्क्यू टीमें मौके के लिए रवाना किया।

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जल पुलिस की मदद से 03 घायलों को नहर से रेस्क्यू कर चिकित्सा उपचार हेतु 108 से अस्पताल पहुंचाया। चौथी घटना अधोईवाला स्थित सपेरा बस्ती में लोगों के घरों में बरसात का पानी भरने, एक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर तहसील स्तर पर आईआरएस ने तत्परता से रेस्क्यू टीमें गठित कर घटनास्थल के लिए रवाना किया और प्रभावित लोगों को निकालकर राहत केंद्र में विस्थापित किया। घटना स्थलों पर सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया गया। अपर जिलाधिकारी कंट्रोल रूम से चारों घटना स्थलों पर राहत एवं बचाव कार्यो की पल–पल निगरानी कर रहे थे।

## सूचना विभाग में हुए 6 कार्मिक हुए पदोन्नत

**देहरादून।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में 06 कार्मिकों के पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रधान सहायक प्रशान्त रावत को प्रशासनिक अधिकारी, वैयक्तियक सहायक अंकित कुमार, विजय झिंकवाण, आरती गुणवंत को वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक, वरिष्ठ सहायक मुकेश कुमार को प्रधान सहायक एवं संवीक्षक राजीव कोली को अनुवादक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने सभी पदोन्नत कार्मिकों बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने पदीय दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करे। पदोन्नत हुए कार्मिकों को अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक के.एस.चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव, सहित सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई है।

## मालसी जू पुलिया के पास सड़क का किनारा धंसने के कारण मार्ग पर भारी वाहनों को किया प्रतिबंध

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लगातार भारी बरसात तथा मौसम विभाग के जारी किए गए बारिश का रेड अलर्ट के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून ने हर स्थिति पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनकी मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का अलर्ट मोड पर रखा गया है।

रविवार को जनपद के 96 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा के लिए पुलिस ने सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं साथ ही भारी बरसात के कारण परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए भी पुलिस नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमणशील है। देर रात से लगातार हो रही भारी बरसात के कारण मालसी जू पुलिया के पास सड़क का किनारा बारिश के कारण धस गया है, जिस पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने बैरियर लगाकर भारी वाहनों को रोका जा रहा है, मसूरी जाने वाले पर्यटकों से अनुरोध है कि कृपया इस मार्ग का प्रयोग कम से कम करते हुए अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त भारी बरसात के कारण किरशाली चौक के पास एक चार मंजिला इमारत का साइड का पुश्ता, जिसके गिरने की संभावना है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने इमारत को खाली करवाया है, साथ ही मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस की टीम को नियुक्त किया है।

## पॉली किड्स देहरादून स्कूल ने कोयंबटूर में खोली अपनी नई शाखा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पॉली किड्स देहरादून स्कूल, जो देहरादून का एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है और जिसकी उपस्थिति देहरादून, ऋषिकेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, आगरा, बहराइच, हरदा, पिपरिया और बेंगलुरु जैसे कई स्थानों में है, अब कोयम्बटूर में एक नई शाखा का शुभारंभ किया है।

प्रबंध निदेशक डॉ. अन्नू और आईआईटी खड़गपुर के स्वर्ण पदक विजेता श्री उल्लास ने कोयंबटूर शाखा में एक बेबी शो कार्यक्रम के साथ एक भव्य उद्घाटन समारोह की मेजबानी की। स्कूल का उद्घाटन पॉलीकिड्स के अध्यक्ष कैप्टन मुकुल महेंद्र ने किया। बेबी शो में नन्हे–मुन्नों बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया एवं इसी के साथ ही स्कूल के विस्तार की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। सभी



पॉली किड्स स्कूल की शाखा का उद्घाटन करते हुए।

नन्हे–मुन्नों बच्चों ने प्रोग्राम के लिए खूबसूरत कपड़े पहने थे। इस कार्यक्रम में फैशन शो, नृत्य प्रदर्शन बच्चों और माताओं दोनों के लिए आकर्षक खेल शामिल थे। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों और विजेताओं को रोमांचक पुरस्कार मिला एवं प्रोत्साहन के तौर पर प्रवेश शुल्क में छूट दी गई। विजेताओं में से कुछ थे बंडल ऑफ जॉय, समर्थ ने जीता सुन्निएस्ट स्माइल, मीरा प्रभु ने जीता, बेस्ट ड्रेस्ड, युवान सुंदर ने जीता, स्पार्कलिंग आइज इनिला ने जीता, चबी चीक्स तारा गौतम ने जीता घुंघराले बाल, बेस्ट वॉक, स्वस्थ शिशु, फोटोजेनिक किड, राइजिंग स्टार आदि अन्य पुरस्कार भी नन्हे मुन्ने बच्चों के नाम रहा। कार्यक्रम में 100 से अधिक माता–पिता मौजूद रहे। पॉली किड्स देहरादून स्कूल अब पूरे भारत में नए स्थानों पर अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है।

# देहरादून में स्वास्थ्य संवाद और विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मोथरोवाला स्थित एक रेस्टोरेंट में 'विचार एक नई सोच' सामाजिक संगठन और 17 सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित स्वास्थ्य संवाद व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समाजसेवा की मिसाल पेश हुई।

खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और कुल 216 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम का संचालन योगम्बर पोली, संस्था के सचिव राकेश बिजलवाण ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि विधायक रायपुर उमेश शर्मा काउ ने रक्तदान शिविर की सराहना करते




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

हुए कहा रक्तदान जीवनदान है। हम सभी को समय–समय पर रक्तदान करना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। समाज की बेहतरी के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि, अपर सचिव मुख्यमंत्री, महानिदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग बंशीधर तिवारी उत्तराखंड ने कहा यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि युवा वर्ग बड़ी संख्या में रक्तदान के लिए आगे आ रहा है। यह दर्शाता है कि हमारी नई पीढ़ी सामाजिक सरोकारों के प्रति कितनी सजग है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बंशीधर तिवारी ने कहा समाज निर्माण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि ऐसे स्वयंसेवी प्रयास ही असली आधार बनते हैं। 'विचार एक नई सोच' सामाजिक संगठन जैसी संस्थाएं जब आगे आकर युवाओं को जोड़ती हैं, तो समाज में बदलाव की नींव मजबूत होती है। रक्तदान जैसे कार्यों से न केवल जीवन बचता है, बल्कि मानवता को जीवंतता मिलती है। आज जब हम स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की बात करते हैं, तो इस शिविर जैसा आयोजन एक आदर्श मॉडल बन सकता है। मैं आयोजकों, रक्तदाताओं और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस नेक कार्य में सहयोग दिया।

इस अवसर पर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, ने कहा स्वैच्छिक रक्तदान से हमें जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

01 July 2025_Copy of Layout 1 7/1/2025 1:17 PM Page 5



# समुदाय को सीधे विद्यालय से जोड़ें अध्यापक : आकाश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025– 26 में अनुमोदित कार्यक्रमों की प्रगति पर एक दिवसीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन प्राचार्य आकाश सारस्वत की अध्यक्षता में किया गया।



बैठक में जनपद में वर्ष 2025 –26 में समग्र शिक्षा के अंतर्गत अद्यतन संपादित समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जनपद में चलाये जा रहे नवाचारी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी माहों में संपादित किए जाने वाले प्रशिक्षण एवं नवाचारी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपनी बात रखते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर के प्राचार्य आकाश सारस्वत में कहा कि अध्यापकों को चाहिए कि वह समुदाय को सीधे विद्यालय से जोड़ते हुए नवाचारी कार्यक्रमों को बढ़ावा दें, उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों का प्रतिफल भी दिखाई देना चाहिए। प्राचार्य ने यह भी कहा कि प्रथम समीक्षा बैठक 16 अप्रैल को उन्होंने कहा था कि नवंबर में अधिकांश प्रशिक्षण खत्म कर दिए जाएंगे इसी कड़ी में उन्होंने अप्रैल और मई माह में एक तिहाई प्रशिक्षण संपादित कर दिए हैं डायट द्वारा अधिकतम बच्चों तक पहुंचने के लिए कक्षा 5 के बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षा के लिए फ्योंली पुस्तिका का निर्माण किया गया है। डायट द्वारा हस्तलेखन कार्यशाला का आयोजन भी किया गया , बहुभाषी प्रार्थना सभा किचन गार्डन सामूहिक जन्मोत्सव, दीवार पत्रिका निर्माण जैसे नवाचारी कार्यक्रम संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं जिनका प्रतिफल बच्चों तक मिल रहा है। उन्होंने उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार के लिए प्रथम त्रैमास के लिए शिक्षकों के नाम आमंत्रित किए जाने की बात भी कही। नियोजन एवं क्रियान्वयन विभाग के विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कठैत ने त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विगत तीन माह में प्रशिक्षण एवं नवाचारी कार्यक्रमों की स्थितियों का विवरण प्रस्तुत किया और आगामी माह में किए जाने वाले प्रशिक्षण का ब्यौरा भी दिया स प्रशिक्षण में अपनी बात रखते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद अध्यक्ष दिगंबर सिंह नेगी ने कहा कि समस्त जनपदों में से सबसे बेहतर कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली में हो रहे हैं पिछली बैठक के बिंदुओं का शत प्रतिशत पालन किया गया है उन्होंने कलस्टर योजना में विद्यालयों को बंद करना एक साजिश बताया तथा आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति ना हो पाने पर भी चिंता जताई। नारायणबगड़ के ब्लॉक संसाधन केंद्र समन्वयक दर्शन गिरी ने एफएलएन और इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स के क्रियान्वयन की स्थिति को बहुत बेहतर कहा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री मुकेश नेगी ने मासिक पुरस्कार को एक संजीवनी कहा तथा दीवार पत्रिका निर्माण को एक बेहतरीन पहल बताया स एनपीआरसी समन्वयक कुसरानी तल्ली मोहन सिंह रावत ने कहा कि सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाना चाहिए तथा नए नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा प्राइवेट स्कूलों का भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिए। बैठक में अजीज प्रेम जी फाउंडेशन से मीनाक्षी ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने को लेकर दिक्कतें कम हुई है लेकिन लिखने से संबंधित समस्याएं बरकरार हैं

## चाय बागान की जमीन खरीद–फरोख्त पर रोक बरकरार

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने देहरादून में चाय बागान की जमीन की खरीद–फरोख्त के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने पूर्व में लगी रोक को जारी रखते हुए सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि पूर्व में भी कोर्ट ने सरकार को जवाब पेश करने का समय दिया था, लेकिन अभी तक जवाब पेश नहीं किया गया। इसलिए खरीद फरोख्त पर लगी रोक को आगे बढ़ाया जाये और सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश दिए जाएं। देहरादून के विकेश सिंह नेगी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर सरकार में निहित जमीन को खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाया है। जनहित याचिका में कहा गया कि राजा चंद्र बहादुर सिंह की जमीन जो सर प्लस लैंड है, उसको 1960 में सरकार में निहित करा जाना था।

# गौचर बन्दरखंड धारीनगर में साढ़े पांच घंटे अवरूद्ध रहने के बाद नौ बजे यातायात खोला



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऋषिकेश – कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह पांच बजे के लगभग गौचर – सिदोली सम्पर्क मोटर मार्ग के नीचे से पहाड़ी के दरकने से बन्दरखंड व धारीनगर (कर्णप्रयाग की ओर) अवरूद्ध हो गया। सड़क मार्ग पर आए भारी मलवा पत्थरों को हटाने में जेसीबी की दो मशीनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिससे अवरूद्ध रहा मार्ग 9 रू 10 पर यातायात के लिये खोल दिया गया। वाहनों की धीमी गति के कारण दुर्घटना होने से बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों समाजसेवी देवेन्द्र सिंह गुसाईं ने बताया कि सुबह चार बजे के लगभग बिना बारिश के ही ऊपरी हिस्से से पहाड़ी के दरकने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग बंदरखंड व धारीनगर के बीच आये भारी मलवा पत्थरों के कारण से अवरूद्ध हो गया। चौकी प्रभारी गौचर मानवेन्द्र सिंह गुसाईं द्वारा दी गई सूचना पर एनएच ने अपनी दो जेसीबी मशीने लगाकर नौ बजे के लगभग राजमार्ग को यातायात हेतु खोल दिया गया।

# चमोली में पीएम किसान निधि के 162 अपात्र किसान हुए चिन्हित

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को पीएम किसान निधि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान योजना की समीक्षा की गई। जिसमें जनपद में ई–केवाईसी के बाद 162 अपात्र किसान चिन्हित किए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में मुख्य कृषि अधिकारी व सभी उप जिलाधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।




जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि जनपद में केंद्र सरकार की ओर से संचालित पीएम किसान निधि योजना के तहत 46 हजार 874 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में योजना के संपादन के लिए की गई ई–केवाईसी और आधार लिंक के आधार पर जनपद के 162 किसानों की आय में मानकों से अधिक वृद्धि होने के बाद अपात्र पाया गया है। ऐसे में केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में नियमानुसार चिन्हित किसानों से 17 लाख 68 हजार की धनराशि किसानों की ओर से जमा की जानी है। जिसे लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर चिन्हित किसानों को नोटिस जारी कर धनराशि जमा करवाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि अपात्र किसानों की सूची में शामिल हुए किसान ऑनलाइन रिफंड के माध्यम से धनराशि जमा करवा सकेंगे। जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से चउापींद.हवअ.पद पर ऑनलाइन रिफंड की सुविधा शुरु की गई है। जिसमें किसान की ओर से रिफंड धनराशि सीधे भारत सरकार को प्रत्यावर्तित की जा सकेगी। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी और सहायक भूलेख अधिकारी राकेश पल्लव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नैनीताल दुग्ध संघ के कारखाना प्रबंधक हरीश आर्य हुए सेवानिवृत, विदाई समारोह में दी भावभीनी विदाई

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के कारखाना प्रबंधक हरीश चंद्र आर्या 32 वर्षों की सेवा यात्रा को पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गये, इस मौके पर आयोजित विदाई समारोह में दुग्ध संघ के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



दुग्ध संघ के सेवानिवृत हुए कारखाना प्रबंधक हरीश आर्य को सम्मानित करते पदाधिकारी।

प्रशिक्षण भवन के सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि नैनीताल दुग्ध संघ के कारखाना प्रबंधक हरीश चंद्र आर्य ने दुग्ध संघ को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने का उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसके लिए वह सदैव याद आएंगे। उन्होंने कहा कि आर्य के सेवानिवृत होने की कमी दुग्ध संघ को हमेशा खलेगी, परंतु यह एक सतत प्रक्रिया है जिससे एक दिन सभी को गुजरना होता है। इस मौके पर दुग्ध संघ के तमाम पदाधिकारियों एवं दुग्ध उत्पादक प्रतिनिधियों ने कारखाना प्रबंधक हरीश चंद्र आर्य द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया। दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि हरीश आर्य इससे पूर्व पिथौरागढ़ दुग्ध संघ के जनरल मैनेजर रह चुके हैं, जहां उन्होंने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान श्कनारश् ब्रांड के घी उत्पादन की शुरुआत की, जो आज भी संस्था की उपलब्धियों में एक स्वर्णिम अध्याय माना जाता है। साथ ही उन्होंने 14 वर्ष तक लालकुआं नगर पंचायत में सिविल इंजीनियर का कार्य भी देखा। इस दौरान लाल कुआं में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए। कार्यक्रम में दुग्ध संघ संचालक मंडल के सदस्य गोविंद सिंह मेहता, प्रशासनिक अधिकारी संजय भाकुनी, उपार्जन प्रभारी सुभाष बाबू, वित्त प्रबंधक उमेश पठालनी, सहायक प्रबंधक एमआईएस मोहन चंद्र जोशी, कारखाना प्रभारी धर्मेंद्र राणा प्रभारी लेब रमेश आर्या, डॉ रमेश मेहता, विपिन तिवारी, शांति कोरंगा, लाल सिंह बिष्ट, मीना आर्या, डॉ आदिति चंद्रा, खलील अहमद, राजू दुम्का और आयुषी चंद्रा सहित भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मूसलाधार बारिश को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में प्रदेशभर में लगातार तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 48 घंटों में पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं, खासकर पर्वतीय और नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।



जनपद नैनीताल के हल्द्वानी क्षेत्र में पुलिस अलर्ट मोड में है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) हल्द्वानी नितिन लोहनी स्वयं मैदान में उतरकर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अपनी पुलिस टीम के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवखड़ी, कालसिया, गोला बेराज, गोला पुल (बनभूलपुरा) समेत कई संवेदनशील इलाकों का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों और गधेरों (छोटे नदी–नालों) में जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में नदियों, नालों और अन्य जलस्रोतों के निकट न जाएं। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इन इलाकों से दूर रखने की सलाह दी गई है।

आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है। ये टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात की गई हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गोला नदी के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है, जहां पिछले वर्षों में भी जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति बन चुकी है। प्रशासन की ओर से स्थानीय लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन व पुलिस द्वारा दिए जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें। जरूरत पड़ने पर प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थानों पर लोगों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।

हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जनपद में अगले दो दिन बेहद संवेदनशील माने जा रहे हैं। पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग मिलकर लगातार निगरानी कर रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। स्थानीय जनता से भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है ताकि सभी मिलकर इस कठिन मौसम को सुरक्षित तरीके से पार कर सकें। यदि आप प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं या आपके परिचित वहां हैं, तो कृपया सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करें।

जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) नैनीताल वंदना ने जिले में हो रही बारिश एवं मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए, किसी भी प्रकार की आपदा की घटना होने पर तत्काल (रिस्पॉन्स समय कमसे कम) आपदा प्रभावित घटना स्थल पर पंहुच कर राहत एवं बचाव कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण ऐंजेसियों को निर्देश दिए कि सड़क मार्ग बंद होने पर तत्काल उसे खोलते हुए आवागमन को सुचारु किया जाए।

## हिमाचल प्रदेश से भूसे के कट्टों में गौरीकुंड पहुंची शराब

**रुद्रप्रयाग।** हिमाचल से भूसा लेकर केदारनाथ यात्रा मार्ग के गौरीकुंड पहुंचे ट्रक से पुलिस ने 24 पेटी अवैध शराब बरामद की। चौकी प्रभारी गौरीकुंड सूरज कंडारी की सक्रियता से दो नेपालियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले के बाद से सवाल भी उठने शुरू हो गए हैं कि हिमाचल प्रदेश से उत्तराखण्ड के कई बैरियरों को पार कर ट्रक कैसे केदारनाथ यात्रा पड़ाव के गौरीकुंड पहुंचा। केदारनाथ धाम यात्रा के नाम पर कुछ लोग ऐसे हैं, जो अपनी शर्म भी बेच खाए हैं और कृकृत्यों में लगे पड़े हैं। पुलिस ने आवश्यक छानबीन की तो पाया कि दो नेपाली प्रमोद गंधर्वा पुत्र रुपलाल गाई, निवासी न्यू रोड 11 भेरी, जिला बाँके, नेपाल, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश और चेतन पुत्र खुम बहादुर, निवासी ग्राम कोहलपुर, थाना–बाँके, वार्ड नं. 02, जिला बांके, हाल पता पतली कुल मनाली हिमाचल प्रदेश, इस ट्रक को लेकर आए हैं और इसमें भूसे के अन्दर शराब छिपाकर रखी है।

## ई-रवन्ना में छेड़छाड़ कर राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ई–रवन्ना में छेड़छाड़ कर राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से इस धोखाधड़ी में प्रयुक्त इलैक्ट्रॉनिक्स उपकरण बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज मौ. काजिम रजा प्रभारी खान अधिकारी खान निरीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा थाना श्यामपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि विनय कुमार बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर श्यामपुर कांगड़ी, तहसील व जिला हरिद्वार, ट्रकध् डम्पर संख्या यूके 14 सीए 9889 का वाहन चालक नाम पता अज्ञात एवं स्वामी पार्टनर मै. महादेव गंगे स्टोन क्रेशर, समसपुर कटेबड़ थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार द्वारा ईकृ रवन्ना छेड़छाड़ कर फर्जी ई रवन्ना बनाया गया, जिससे राजस्व की क्षति होने व उक्त रवन्ना स्वीकार न होने पर उनके ऊपर रायल्टी पैनेल्टी होने के सम्बन्ध में थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक अंजना चौहान द्वारा विवेचना में त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना में सम्मिलित आरोपियों विनय निवासी हरिद्वार, संजय उर्फ संजू पुत्र कशमीरी सिंह निवासी पीलीपडाव थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार व नकुल पुत्र स्व. रामपाल निवासी ग्राम गाजीवाली थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार, को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बिजरानी जोन व सीतावनी जोन पर्यटकों के लिए बंद

**रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में मानसून सक्रिय हो गया है। मानसून को देखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के प्रमुख पर्यटन जोनों को पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर बंद कर दिया गया है। मानसून सीजन में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का प्रसिद्ध बिजरानी जोन और रामनगर वन प्रभाग का सीतावनी जोन को आज से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।

इन जोनों में हर साल मानसून सीजन के दौरान नदी–नालों के उफान पर आने और रास्तों के खराब होने की वजह से पर्यटन गतिविधियां बंद कर दी जाती हैं। इससे पहले ही रामनगर वन प्रभाग के भंडारपानी और कालाढूंगी पर्यटन जोन को 26 जून से बंद कर दिया गया था। इसी कड़ी में अब कॉर्बेट फॉल और बाराती रौ को भी बंद कर दिया गया है।



बिजरानी जोन।

हालांकि पर्यटकों के लिए कुछ जोन अब भी खुले रहेंगे। कॉर्बेट पार्क के ढेला, झिरना, गर्जिया और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो व हाथीडगर पर्यटन जोन डे सफारी के लिए खुले हैं और मानसून में भी इनमें सीमित पर्यटन गतिविधियां जारी रहेंगी। आमतौर पर यह जोन पूरे वर्ष खुले रहते हैं, लेकिन अत्यधिक वर्षा होने की स्थिति में इन्हें भी अस्थायी रूप से बंद किया जा सकता है। वहीं बिजरानी जोन को 15 अक्टूबर से और कॉर्बेट का सबसे लोकप्रिय ढिकाला जोन को 15 नवंबर से नए पर्यटन सत्र में दोबारा खोल दिया जाएगा। गौरतलब हो कि हर साल बरसात शुरू होने से पहले सुरक्षा की दृष्टि कॉर्बेट नेशनल पार्क के कई जोन को बंद कर दिया जाता है। वहीं अब मानसून सीजन में कॉर्बेट का बिजरानी और वन प्रभाग का सीतावनी पर्यटन जोन बंद कर दिया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए अधिकारियों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**भीमताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोमवार को विकास भवन सभागार भीमताल में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के आठों विकासखंडों के 71 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनामिका द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में प्रत्याशियों द्वारा दिनांक 2 जुलाई से 5 जुलाई 2025 तक नाम निर्देशन पत्रों के वितरण करने एवं दिनांक 7 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक नामांकन पत्रों की जांच होगी।

नाम वापसी की तिथि 10 व 11 जुलाई 2025 तथा निर्वाचन प्रतीक चिह्रो का आवंटन दिनांक 14 जुलाई को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी आशंका होने पर तत्काल नोडल अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम में संपर्क किया जाय, इस सम्बन्ध में उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गोस्वामी, व जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक हर्ष बहादुर चंद द्वारा बताया गया कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय जाति प्रमाण पत्र के साथ सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य को प्रारूप अ के अनुसार घोषणा पत्र तथा प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम् जिला पंचायत सदस्य को प्रारूप ब पर अनिवार्य रूप से शपथ पत्र नोटरीय कर संलग्न करना आवश्यकीय है। 'उन्होंने अवगत कराया कि इस बार सदस्य ग्राम पंचायत का मतपत्र सफेद, ग्राम प्रधान का मतपत्र हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य का मतपत्र नीला तथा जिला पंचायत सदस्य का मतपत्र गुलाबी होगा'।

इस दौरान मतदान दलों के गठन एवं उनके कार्य दायित्वों व मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया एवं आने वाले विशिष्ट प्रकरणों के बारे में भी बताया गया। 'अवगत कराया कि 25 जुलाई 2019 के बाद यदि किसी अभ्यर्थी की दो से ज्यादा जैविक बच्चे हैं तो ऐसे अभ्यर्थी चुनाव से अनर्ह होंगे।साथ ही जो भी अभ्यर्थी राज्य अथवा केंद्र पोषित योजना से मानदेय लेते हों वो भी चुनाव से अनर्ह होंगे।

01 July 2025_Copy of Layout 1 7/1/2025 1:17 PM Page 7



# मॉक ड्रिल में विभागों के बीच दिखा शानदार समन्वय

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बाढ़ तथा जलभराव से सबसे अधिक प्रभावित रहने वाले राज्य के पांच जनपदों में सोमवार को मॉक ड्रिल की गई।

मानसून अवधि में घटित होने वाली विभिन्न आपदाओं का बेहतर तरीके से सामना करने, राहत और बचाव कार्यों को सुगमता तथा प्रभावी तरीके से संचालित करने, विभिन्न रेखीय विभागों के मध्य समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से यह मॉक ड्रिल हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल, देहरादून तथा चम्पावत जनपद में 23 स्थानों पर आयोजित की गई। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस मॉक ड्रिल की राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से निगरानी की गई। वहीं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्रों में स्वयं जिलाधिकारियों ने उपस्थित रहकर रिस्पांसिबल ऑफिसर के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मॉक ड्रिल का संचालन किया। सोमवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में उपाध्यक्ष, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय कुमार रुहेला तथा सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने संबंधित जनपदों के रिस्पांसिबल अधिकारियों, इंसिडेंट कमांडरों तथा ऑब्जर्वरों से उनके द्वारा मॉक ड्रिल के दौरान संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। राहत शिविरों, स्टेजिंग एरिया, इंसिडेंट कमांड पोस्ट तथा जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्रों के प्रबंधन को लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से देखा तथा बारीकी से परखा गया। इस दौरान एसईओसी से घटनास्थल पर उपस्थित अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली गई। पूछा गया कि घटना की सूचना मिलने पर उनके द्वारा किस तरह प्रतिक्रिया की गई। घटनास्थल पर पहुंचने में कितना समय लगा। राहत और बचाव कार्यों में किन–किन उपकरणों तथा संसाधनों का प्रयोग किया गया। राहत शिविरों में आपदा प्रभावितों के लिए क्या–क्या व्यवस्थाएं की गईं, इसकी न सिर्फ जानकारी ली गई बल्कि लाइव प्रसारण भी देखा गया।



मॉक ड्रिल की मानीटरिंग करते सचिव आपदा प्रबंधन।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि सभी जनपदों में मॉक ड्रिल का बहुत बेहतर समन्वय के साथ गंभीरता से अभ्यास किया गया। जनपद स्तर पर विभिन्न रेखीय विभागों के अधिकारियों की तत्परता और संपूर्ण सहभागिता के कारण रियल टाइम मॉक अभ्यास संपन्न करने में सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना, आपदा के समय विभिन्न संसाधनों तथा उपकरणों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल करना था। इस उद्देश्य की पूर्ति में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और हर वर्ष किसी ने किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मॉक ड्रिल एक माध्यम है जिससे हम अपनी तैयारियों का आंकलन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई, अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर में स्कूल–कॉलेजों, अस्पतालों, अपार्टमेंट, स्टेडियम, मॉल, फैक्ट्रियों में भूकंप, अग्निकांड, भगदड़ तथा अन्य संभावित आपदाओं पर मॉक अभ्यास किया जाएगा।

## एसपी उत्तरकाशी ने किया यमुनोत्री रुट लैंड–स्लाइडिंग जोन का निरीक्षण

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने यमनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लैण्डस्लाईड जोन का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। सोमवार को यहां पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती सरिता डोबाल द्वारा यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न लैण्डस्लाईड जोन का निरीक्षण करते वहां पर सुरक्षात्मक उपाय का जायजा लिया गया। डेंजर जोन मे कार्यरत पुलिस व अन्य एजेन्सियों को कार्मिकों अवरुद्ध मार्ग को जल्द से जल्द सुचारु करने तथा सुरक्षित यातायात प्रबन्धन के निर्देश दिये गये। स्थलों पर सतर्कता तथा सजगता के साथ कार्य करने की हिदायत दी गयी। पुलिस बल को अत्यधिक बारिश, लैंडस्लाईडिंग तथा मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रुकवाने के निर्देश दिये गये। पिछले 1–2 दिन से लगातार बारिश से यमुनोत्री हाइवे पर कई जगह पर भू–स्खलनध्लैंडस्लाइड तथा हाईवे वाश आउट हो गया है।

# बार्ट्रोनिक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 25 में 40.72 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बाट्रीनिक्स इंडिया लिमिटेड एक प्रमुख फिन–टेक समाधान प्रदाता है, जो उन्नत तकनीकी सेवाएं प्रदान कर व्यवसायों को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहा है और तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है।

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी ने 916.73 लाख रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया, जो पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही) के 876.93 लाख रुपए की तुलना में अधिक है। वहीं, कर पूर्व लाभ (च्ठज्) वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 32.50 लाख रुपए के नुकसान से सुधरकर वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 140.24 लाख रुपए के लाभ में बदल गया। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए कंपनी की कुल व्यापक आय 114.45 लाख रुपए रही। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने कुल राजस्व 4072. 86 लाख रुपए (वित्त वर्ष 25) दर्ज किया। वित्त वर्ष 24 में 23.45 लाख रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 239.75 लाख रुपए हो गया। वित्त वर्ष 25 में कंपनी की कुल व्यापक आय 174.52 लाख रुपए रही, जो वित्त वर्ष 24 की 109.66 लाख रुपए की तुलना में साल दर साल वृद्धि दर्शाती है। पहले, भारत के कीमती धातु बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, बाट्रीनिक्स इंडिया लिमिटेड ने ऑगमोंट गोल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच वर्षीय साझेदारी की है।

# सीएम ने सुना मोदी के 'मन की बात' का 123वां संस्करण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 123वीं संस्करण सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को योग, सामाजिक एकता, सेवा भाव और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान मिली है। 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर यह प्रदर्शित कर दिया कि योग ने न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने देश को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ट्रैकोमा मुक्त घोषित किए जाने और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में 64 प्रतिशत आबादी को सोशल सुरक्षा के अंतर्गत लाए जाने की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में देश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने "मन की बात" में उजागर की गई सामूहिक सेवा, धार्मिक यात्राओं के दौरान मिलन की भावना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के आदर्श को साकार करता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इन संदेशों को अपनी दिनचर्या में अपनाएं और उत्तराखंड को भी आत्मनिर्भर व समृद्ध भारत का एक गौरवशाली हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी, अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड कैलाश पंत और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



पीएम मोदी की मन की बात सुनते सीएम।

# अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उसके अनुप्रयोगों पर राज्य स्तरीय अंतरिक्ष सम्मेलन का आयोजन इसरो के सहयोग से किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकसित भारत 2047 के निर्माण हेतु हिमालयीय राज्यों के परिप्रेक्ष्य मे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उसके अनुप्रयोगों के विषय पर एक दिवासिय राज्य स्तरीय अंतरिक्ष सम्मेल का आयोजन मुख्यमंत्री आवास कार्यालय मे स्थित मुख्य सेवक सदन मे किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अत्यंत हर्ष हो रहा है कि उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से उत्तराखण्ड राज्य, तथा उत्तर–पश्चिमी हिमालयी राज्यों (उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख) का प्रतिनिधित्व करते हुए, विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्यशाला का आयोजन कर रहा है।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेत्रत्व मे भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक मानकों पर सराहनीय प्रगति की है।' उत्तराखण्ड केवल एक राज्य नहीं, बल्कि यह प्रकृति, संस्कृति और संभावनाओं की भूमि है। यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से जितना संवेदनशील है, उतना ही सामरिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। और ऐसे परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आज जब हम 2047 के विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमारे लिये स्मार्ट योजना, सटीक जानकारी और प्रौद्योगिकी–संचालित विकास की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इस दिशा में अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियाँ–जैसे रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट मैपिंग, संचार तकनीक और मौसम पूर्वानुमान–उत्तराखण्ड जैसे राज्य के लिए वरदान है। चाहे आपदा प्रबंधन की बात हो, कृषि और जल संसाधन की निगरानी हो, या फिर चारधाम यात्रा जैसी योजनाओं का स्मार्ट संचालन– अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी हमारे निर्णयों को वैज्ञानिक आधार देती है। उत्तराखण्ड जैसे अग्रणी हिमालयी राज्य के लिए यह सम्मेलन एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, मैं राज्य सरकार की ओर से इसरो से यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि मौसम परिवर्तन, तापमान वृद्धि, ग्लेशियरों के पिघलने, और जल संकट जैसे अत्यंत गंभीर मुद्दों पर हिमालयी क्षेत्रों में विशेष कार्य करें। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन के माध्यम से एक ठोस रूपरेखा तैयार होगी, जिसके द्वारा हिमालयी राज्यों में भावी परियोजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, वैज्ञानिक एवं प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। यह पहल 'विकसित भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि कि हर ब्लॉक स्तर पर अंतरिक्ष तकनीक आधारित भू–सूचना प्रणाली को लागू किया जाए, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में स्पेस टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाए, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों को कृषि, वन, जल और पर्यटन क्षेत्र में गहराई से जोड़ा जाए।

01 July 2025_Copy of Layout 1 7/1/2025 1:17 PM Page 8



# गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान

**श्रीनगर गढ़वाल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक और शोध क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया है।

विश्वविद्यालय के तीन संकाय सदस्यों और तीन शोधार्थियों को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन "जलवायु परिवर्तन, संसाधन, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय चुनौतियांरू सतत विकास के मुद्दे और रणनीतियां (सीसीआरबीईएफ–2025)" शीर्षक से सुआन सूनन्था राजभाट विश्वविद्यालय में 22 से 26 जून, 2025 तक संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान विश्वविद्यालय के वन एवं प्राकृतिक



सम्मानित करते हुए।

संसाधन विभाग के डॉ। जितेंद्र सिंह बुटोला को उनके शिक्षण क्षेत्र में नवीन प्रयोगों के लिए "इनोवेटिव एजुकेशनिस्ट अवार्ड", उद्यानिकी विभाग के डॉ. तेजपाल सिंह बिष्ट को अनुसंधान में उनके योगदान के लिए "विज्ञान भूषण पुरस्कार (वैज्ञानिक उत्कृष्टता)", और भौतिकी विभाग के डॉ. आलोक सागर गौतम को शिक्षण एवं शोध नवाचारों में उत्कृष्टता के लिए "सर्वश्रेष्ठ संकाय पुरस्कार" से नवाजा गया। इसके साथ ही भूगोल विभाग के तीन शोधार्थियों–आदर्श पंत, वंदना गोस्वामी और मनीषा–को "यंग साइंटिस्ट अवार्ड" से सम्मानित किया गया, जो युवाओं में विज्ञान और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने का प्रतीक है। इन सभी पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना है। सम्मान समारोह में ये पुरस्कार प्रो. डॉ. थावत्चाई कामोलथाम, निदेशक, कैनाबिस हेल्थ साइंस एंड मेडिकल हर्ब्स प्रोग्राम, और प्रो. डॉ. सोमदेत रुंगस्रीसावत, डीन, एलाइड हेल्थ साइंसेज, सुआन सूनन्था राजभाट विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विद्वानों, वैज्ञानिकों तथा गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। ये उपलब्धि न केवल एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि उत्तराखंड राज्य अत्यंत प्रेरणादायक है। विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोध समुदाय ने सभी सम्मानित प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई दी है।

## पत्थर और पेड़ गिरने से प्राचीन शिवलिंग क्षतिग्रस्त

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में मॉनसूनी बारिश ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार सुबह पहाड़ से पेड़ और पत्थर गिर जाने से भीमगोड़ा के प्राचीन कुंड में स्थित शिवलिंग क्षतिग्रस्त हो गया। हरिद्वार में स्थित प्राचीन भीमगोड़ा कुंड पर बने मंदिर के पुजारी रत्न लाल ने बताया कि सुबह अचानक पहाड़ के ऊपर से पत्थर और पेड़ गिरे, जिससे मंदिर के भवन को नुकसान पहुंचा। इस वजह से कुंड में मौजूद प्राचीन शिवलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गया। हरकी पैड़ी के नजदीक स्थित भीमगोड़ा टैंक हरिद्वार का एक मुख्य पर्यटक आकर्षण है। इस कुंड के पास प्राचीन भीमगोड़ा कुंड मंदिर है। कहते हैं कि यहां पर पांडवों ने एक रुद्राक्ष रखकर ध्यान किया था और उस रुद्राक्ष में से 11 शिवलिंग निकले थे. इसे गुप्त गंगा भी कहा जाता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की चुनाव अधिसूचना जारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है।

संगठन पर्व कार्यक्रम अनुसार आज चुनाव के लिए मतदाता सूची सार्वजनिक कर दी गयी है और कल नामांकन और नाम वापिसी की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास ने पार्टी मुख्यालय में अधिसूचना सूचना जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु, चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के सभी 125 मतदाताओं के नाम कर दिए गए हैं। कल 30 जून को प्रातः 10 से 12 बजे तक नामांकन किया जाएगा। उसी दिन 12 से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी, तदोपरांत 3 से 4 के मध्य नाम वापिसी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष चुनाव पार्टी के संविधान की धारा 16 (1) के (क), (ख) और (ग) में वर्णित, प्रदेश परिषद के सदस्यों द्वारा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा। जिसके तहत प्रदेश अध्यक्ष के लिए जो कार्यकर्ता नामांकन करना चाहते हैं वह फॉर्म च भरेंगे। जिसके लिए तय प्रदेश अध्यक्ष के लिए वही कार्यकर्ता नामांकन कर सकेंगे जो तीन अवधियों तक पार्टी का सक्रिय सदस्य और 10 वर्ष तक प्राथमिक सदस्य रहा हो।

## चारधाम यात्रा हालात के मुताबिक यात्रा चलाएंगे डीएम

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है, तो बारिश के रेड अलर्ट के चलते चारधाम यात्रा पर भी असर पड़ा है। रविवार को मौसम को देखते हुए चार धाम यात्रा पर 24 घंटे की रोक लगाई गई थी। लेकिन सोमवार सुबह 8 बजे रोक हटा दी गई। अब चार धाम यात्रा चल रही है. लेकिन मौसम बिगड़ने, लैंडस्लाइड के हालात में फैसला लेने का अधिकार जिलों के डीएम, एसएसपी को दे दिया गया है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि सोमवार सुबह समीक्षा के बाद दिए फैसला लिया गया। अब जिलों के डीएम हालात के मुताबिक यात्रा चलाएंगे। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

## न्यूज डायरी

### सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने की सैन्यधाम के निर्माण कार्यों की समीक्षा



**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा की। सैन्यधाम निर्माण की प्रगति को लेकर सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सैनिक विश्राम गृहों में जीर्णोद्धार और मरम्मत के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश दिये। मंत्री ने बताया कि 30 जून को सैन्यधाम का निरीक्षण किया जाऐगा। बैठक में सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिग्रेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनल के एमडी ब्रिग्रेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, उपनिदेशक विंग कमाण्डर (सेनि) निधि बधानी, उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार, पेयजल निगम से संजय यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का उत्तराखंड दौरा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया अपने उत्तराखंड दौरे पर प्रदेश की राजधानी देहरादून पहुंचे। जहां उन्होने एक होटल पर पदाधिकारियों को बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से विक्रम भारद्वाज को उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई और शीघ्र ही उन्हें अपनी कमेटी गठित कर अनुमोदन के लिए भेजने के लिए कहा गया।

इस मौके पर तितौरिया ने उपस्थिति कार्यकर्ताओं से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर पहाड़ी राज्य में यूनियन को मजबूत



किसान यूनियन के पदाधिकारी।

कर गरीब, मजदूर व किसानों की आवाज बनने का आहवान किया। विक्रम भारद्वाज ने कहा कि जहां एक ओर पहाड़ों पर आपदा आने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है और दूसरी ओर पहाड़ी राज्य में आदिवासी लोगों नरकीय जीवन व्यापन के लिए मजबूर है। यूनियन द्वारा शीघ्र ही उनका किसानों व आदिवासी समाज के व्यक्तियों का जीवन स्तर को उठाने के लिए यूनियन द्वारा संघर्ष की रूपरेखा तय की जायेगी।

उन्होंने कहा कि अति शीघ्र उत्तराखण्ड राज्य में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव धर्मेन्द्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवनागर, जिलाध्यक्ष मेरठ अंकुर चपराणा, राहुल गुर्जर, हाजी इमरान त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ

हमने दुनिया में सबसे पहले चंद्रमा पर पानी के अणु की मौजूदगी का पता से लगाया है। भारत पहला देश है जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर पहली बार लैंड किया है। भारत, आदित्य एलक्र1 मिशन के साथ सूर्य का अध्ययन करने वाला चौथा देश बन गया है। भारत ने पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश किया था और मंगल ग्रह की कक्षा में उपग्रह भेजने वाला चौथा देश है। हमारा लक्ष्य 2030 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने एवं 2040 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने का है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित भारत अवश्य बनेगा। निदेशक राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि आज हमारे जीवन में हर समय अंतरिक्ष डाटा का प्रयोग हो रहा है। अंतरिक्ष में सेटेलाइट हमें जीपीएस नेविगेशन के साथ कई तरह के अपडेट देते हैं। उत्तराखंड में हमने पशुधन का डाटा ऑनलाइन किया था। ऋषिगंगा, चमोली आपदा के दौरान हमने सेटेलाइट के माध्यम से मेपिंग की और डेटा तैयार किया, जिसका प्रयोग बाद में राष्ट्रीय नीति में भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19